# गोगाजी ने बिगड़ी बना दी | By Pooja Shrivastava

गोगाजी ने बिगड़ी बना दी
बड़ा ही दयालु दयावान है तू
जय जय बोले जय जय बोले दुनिया
भक्तों का करता कल्याण है तू
गोगाजी को पूजे नर नारियां
बिना मांगे देता वरदान है तू
गोगाजी ने बिगड़ी बना दी
बड़ा ही दयालु दयावान है तू

बड़ा ही निराला चमत्कार तेरे द्वार का
मैं भी नज़ारा देखु तेरे दरबार का
प्यारी लगी मेडी की गलियां
भक्तो के करे पूरे अरमान तू
नौमी की आई शुभ घड़ियां
भक्तो को करता कल्याण है तू
प्यारी प्यारी मेडी की गलियां
भक्तो को करता कल्याण है तू

करता है गोगा तू ही भला संसार का
सबके लिए खुला द्वार तेरे प्यार का
भरे तू ही भरे तू ही झोलियाँ
भक्तो को करता कल्याण है तू
नौमी की आई शुभ घड़ियां
भक्तो के पूरे करे अरमान तू
गोगाजी ने बिगड़ी बना दी
बड़ा ही दयालु दयावान है तू

सारी दुनिया में बजे डंका तेरे नाम का
सारे जहाँ में होवे चर्चा तेरे धाम का
प्यारी प्यारी लगे ये नगरिया
भक्तों का करता कल्याण है तू
भरे तू ही भरे तू ही झोलियाँ
भक्तों के पूरे करे अरमान तू
गोगाजी ने बिगड़ी बना दी
बड़ा ही दयालु दयावान है तू

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%97%e0%a5%8b%e0%a4%97%e0%a4%be%e0%a4%9c%e0%a5%80-%e0%a4%a8%e0%a5%87-%e0%a4%ac%e0%a4%bf%e0%a4%97%e0%a4%a1%e0%a4%bc%e0%a5%80-%e0%a4%ac%e0%a4%a8%e0%a4%be-%e0%a4%a6%e0%a5%80-by-pooja-shrivastava/